ठाकुर जी गले लगा लो

ठाकुर जी गले लगा लो, मैं तेरा हो गया हूँ,
अपना मुझे बना लो, मैं तेरा हो गया हूँ,
ठाकुर जी गले लगा लो, मैं तेरा हो गया हूँ ॥

मैं फिरता मारा मारा,
तेरे दर का लिया सहारा,
अपनों ने किया किनारा ,
मैं तेरा हो गया हूँ,
ठाकुर जी गले लगा लो.....

मैंने देखी दुनिया सारी,
मतलब की रिश्तेदारी,
पर मैंने ना हिम्मत हारी,
मैं तेरा हो गया हूँ,
ठाकुर जी गले लगा लो.....

मैंने पहना जोगी बाना,
मुझे दुनिया मारे ताना,
तानों से क्या घबराना,
मैं तेरा हो गया हूँ,
ठाकुर जी गले लगा लो.....

मेरी बीच भंवर है नैया,
बन जाओ आप खवैया,
आ जाओ पकड़ लो नैया,
मैं तेरा हो गया हूँ,
ठाकुर जी गले लगा लो.....

स्वर : अलका गोएल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23934/title/thakur-ji-gale-laga-lo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |